भारत सरकार, रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन सं. 09/2025 के अंतर्गत 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल 1 में विभिन्न पदों के लिए भर्ती

<u>आवेदन की स्थिति पर सूचना</u>

1. 30.01.2026 को जारी की गई सीईएन सं. 09/2025 के अनुसार 7वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल 1 में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है और अभ्यर्थी www.rrbapply.gov.in पर अपने यूजर क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत (ii) शर्तों के साथ अनंतिम रुप से स्वीकृत और (iii) अस्वीकृत (कारण के साथ) के तहत अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं। **यह लिंक 09.07.2026 को 00:00 बजे से सक्रिय हो जाएगा।**

2. आवेदन की स्थिति के बारे में प्रस्तुत आवेदन में उल्लिखित अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल पते पर एसएमएस और ई-मेल भेजा जाएगा।

3. यद्यपि अनंतिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने में पूरी सावधानी बरती गई है। आरआरबी किसी भी अनजाने त्रुटि या टाइपोग्राफिकल/प्रिंटिंग गलतियों को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **आरआरबी अस्वीकृत अभ्यर्थियों से किसी भी पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता के लिए खेद व्यक्त करता है।**

4. सभी स्वीकृत अभ्यर्थियों (अनंतिम रूप से स्वीकृत/सशर्त रूप से स्वीकृत) की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या उसके बाद रद्द की जा सकती है। यदि उनके द्वारा अपने आवेदनों में कोई असंगित/कमी/गलत रिकॉर्ड या डेटा प्रस्तुत किया जाता है या उम्मीदवारों की ओर से कोई कदाचार भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आरआरबी के ध्यान में आता है।

5. अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम (अपडेट) के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें। कृपया अप्रामाणिक स्रोतों से गुमराह न हों।

6. **उम्मीदवारों के लिए सहायता केंद्र (हेल्पडेस्क):-**

दूरभाष नंबर: 9592-001-188 एवं 0172-565-3333

ई-मेल: rrb.help@csc.gov.in

समय: सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)

दिनांक : 08.07.2026

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

<u>महत्वपूर्ण नोट:</u> उन दलालों से सावधान रहें जो अभ्यर्थियों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से अभ्यार्थियों की योग्यता पर आधारित है।